जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करें : कलेक्टर

जनसुनवाई में प्राप्त हुए 75 आवेदन

मण्डला,देशबन्धु। जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 75 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। इस दौरान कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का यथोचित निराकरण कराएं। जिन आवेदनों पर निराकरण संभव नहीं है उन पर स्पष्ट टीप दर्ज करें। जनसुनवाई में विभाग प्रमुख स्वयं अनिवार्यत: उपस्थित हों, अतिविशिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर प्रतिनिधि स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में खैरी माल निवासी लक्ष्मीकांत परमार ने बेटरी वाली ट्राईसाईकिल प्रदान करने के संबंध में, ज्वालाजी वार्ड महाराजपुर निवासी नीलू धनगर ने समग्र आईडी में पता परिवर्तित कराने के संबंध में, सालीवाड़ा के कृषक विद्युत आपूर्ति पूर्ण कराने, पांडीवारा निवासी विनोद मरावी ने विद्युत बिल की राशि कम कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन व पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च

मण्डला। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस बल द्वारा मंगलवार को मंडला जिला मुख्यालय में फ्लैगमार्च निकाला गया। इस मार्च का उद्देश्य आगामी त्यौहारों को शांति और सदभाव के साथ मनाने एवं कानून व्यवस्था कायम रखने का संदेश देना था। जेलघाट से प्रारंभ हुए इस फ्लैगमार्च में शामिल दल ने रानी अवंती बाई स्कूल, जिला चिकित्सालय, उदयचैक, इलाही चैक, पड़ाव वार्ड, चिलमन चैक, बस स्टेंड, लालीपुर चैक का भ्रमण किया।

नागपुर में किया अजय मंडला पत्रिका का पांचवा प्रकाशन का विमोचन

मण्डला,देशबन्धु। सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार समाज सेवा के क्षेत्र में समाज में विभिन्न प्रकार का योगदान और भूमिका निभा रहा है। संस्था लगातार सामाजिक गतिविधियां सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। भागीरथ सेवा विकास परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष अजेय मंडला पत्रिका का प्रकाशन भी करता है और यह अजेय मंडला पत्रिका का पांचवा प्रकाशन है। इस पांचवें प्रकाशन के शुभ अवसर पर नागपुर में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने शुभ कर कमलों से इस अजेय मंडला पत्रिका का विमोचन किया। अजेय मंडला पत्रिका के संस्थापक एवं बीएसवीपी अध्यक्ष डॉ अजय कुमार वंशकार ने बताया अजेय मंडला पत्रिका का कार्य मंडला की जिले की विशेषता यहां की उपलब्धियां पर्यटन स्थल धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल मंडला के जंगल की वनस्पति का महत्व यहां की जनजाति संस्कृति गोंड़ी कला नृत्य परंपरा और सामाज सेवा के क्षेत्र में जो लगातार अपना योगदान देते आ रहे हैं ऐसे व्यक्तियों का जीवन परिचय महापुरुषों का जीवन परिचय व्यक्तियों के स्वतंत्र सकारात्मक विचार को भी जन जन तक पहुंचाने का कार्य अजेय मंडला पत्रिका मंडला जिले के आलावा भी मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों पर कर रहा है और यही कार्य लगातार करता रहेगा और मंडला जिले की विशेषता और मंडला की खूबसूरती मध्यप्रदेश के आलावा अन्य प्रदेशों में भी पहुंचाएगा। पत्रिका विमोचन के उपरांत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार और अजेय मंडला पत्रिका के कार्य की सराहना की और पत्रिका प्रकाशन की शुभकामना सभी सदस्यों दी। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष और अजेय मंडला पत्रिका के संस्थापक डॉ अजय कुमार वंशकार सामाज सेवी विकास जायसवाल ज्योति जायसवाल बीएसवीपी सदस्य अरबिंद बरमैया नारायण नागवंशी संध्या कान्ड्रा राजेश अवधिया साहिल लहोरिया और मार्शल आर्ट खिलाड़ी आशुतोष जायसवाल नन्हा सा चंदू जायसवाल चैंपियन भी उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ममता चैरसिया के नेतृत्व में भोपाल में 1100 महिलाओं का हुआ सम्मान

मण्डला। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय आदर्श चैरसिया महासभा दिल्ली के तत्वाधान में आयोजक मनीषा भंडारी तथा भोपाल महिला प्रकोष्ठ के द्वारा भोपाल के समन्वय भवन में नारी चेतना सम्मान का आयोजन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ममता चैरसिया के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों से भारी संख्या में महिलाएं भोपाल पहुंची। साथ ही महाराष्ट्र,छत्तीसगढ़ की महिलाएं ने भी इस कार्यक्रम उपस्थित हुई।

मुख्य रूप से भोपाल महापौर मालती राय , दक्षिण पश्चिम विधानसभा विधायक भगवानदास सबनानी ,सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह स्थित रहे।

महिला सम्मान के इस कार्यक्रम में चैरसिया समाज में मध्यप्रदेश में अपनी प्रतिभाओं का कौशल दिखाने वाली महिलाएं तथा डाक्टर,इंजीनियर, खिलाड़ी ,बैंकर्स ,ब्यूटीशियन , कुटीर उद्योग ,गृह उद्योगआदि हर क्षेत्र में कार्य करने वाली 1100 महिलाओं का सम्मान स्मृति चिन्ह तथा प्रमाणपत्र देकर किया गया। मंडला से डॉ निकिता, साहित्य में योगिता चैरसिया, गोल्ड मैडलिस्ट वसुधा ,इंजीनियर तान्या ,प्रियांशी, कल्याणी चैरसिया ,डॉ रेखा तारेंद्र चैरसिया, पूर्वा चैरसिया इ। स्स्ठ , सृष्टि नेशनल खिलाड़ी,निखिता, स्तुति चैरसिया , आरती चैरसिया ,बैंक में कार्यरत राखी चैरसिया ,मुस्कान, मंगला चैरसिया ,बम्हनी से निर्विरोध चुनी पार्षद सोनम चैरसिया, दिया मिर्जा अवॉर्ड प्राप्त डिंडोरी की ब्यूटीशियन रजनी चैरसिया, ब्यूटीशियन रुचि , स्कूल संचालक मंगला चैरसिया ,संजू चैरसिया,अनुपमा चैरसिया,आशा चैरसिया आदि महिलाओं को नारी योग्यता सम्मान दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ममता चैरसिया ने बताया कि प्रदेश की सभी महिलाओं को जो संस्था के लिए तो कार्य कर हीएक मंच पर लाकर उनका सम्मान हमारे लिए गौरव की बात है, साथ ही हमें यह भी पता चला कि समाज में विभिन्न उच्च पदों पर हमारी बहनें कार्यरत है। संयुक्त परिवार को महत्व देने के लिए लगभग 10 वर्षों से अपने सास ससुर के साथ रहकर परिवार समाज और व्यवसायिक कार्य करने वाले वाली महिलाओं को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

सार-समाचार

कल आने वाले बजट हेतु बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा की प्रतिक्रिया

मण्डला,देशबन्धु। मप्र सरकार का पिछला बजट निराशा और हताशा से भरा बजट था। किसानों को धान का 3100 रूपए और गेंहू का 2700 रूपए के समर्थन मूल्य देने का प्रावधान पिछले बजट में नहीं था वहीं लाडली बहनो को 3000 रूपये की मासिक आर्थिक सहायता देने की बात भी नहीं थी। युवाओं के लिए नौकरियां नहीं थीं और न ही सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का कोई काम था। आदिवासियों के लिए 3 लाख करोड़ की राशि खर्च करने की इनकी घोषणा थी जो आज दूसरा बजट आते आते भी कहीं दिखाई नहीं देती। सभी आदिवासी ब्लॉक में आईटीआई, कला भवन, मनरेगा से 150 दिन का रोजगार, एकलव्य विद्यालय, 100 रूपए में 100 यूनिट बिजली, माइनर फारेस्ट प्रोडूस प्रोसेसिंग यूनिट, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रानी दुर्गावती प्रशिक्षण अकादमी शुरू करने की बात कही गई थी जो आज इस दूसरे बजट के आते तक भी कहीं नहीं हैं। हालात तो ये हैं कि सरकार ने पिछले बजट में मंडला जिले की जिन सड़कों की स्वीकृति दी थी उनकी राशि आजतक जारी नहीं की है। इस बजट को लेकर आम जनता काफी उम्मीदें लगाए हुए है लेकिन सरकार की मंशा जनता को राहत देने की दिखाई नहीं दे रही है। इतिहास में पहली बार मात्र 9 दिन का बजट सत्र आयोजित हो रहा है जिससे यह स्पष्ट है कि सरकार जनता के मुद्दों जनता की मांगो और उम्मीदों पर न तो काम करना चाहती है और न ही चर्चा करना चाहती है।

बजट में बढ़ोतरी के बिना कृषि का उत्थान असंभव

भुआ,बिछिया। जब तक गांव और किसान सम्रद्ध नहीं होगें प्रदेश -देश सम्रद्ध नहीं होगा। वर्तमान में गांव, खेत किसान के लिए मध्यप्रदेश सरकार के कुल बजट का 10त्न का प्रावधान 60 प्रतिशत आबादी के लिए न्यायसंगत नहीं है, इस बजट में उनकी समृध्दि की कल्पना बेमानी होगी। किसान नेता और पूर्व मंडी बोर्ड विशेषज्ञ सुनील नामदेव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रदेश सरकार गांव खेत किसान के बजट में आबादी अनुपात में बढ़ोतरी करें। नहरों, बिजली आवंटन में कमी के कारण सुधार कार्य नहीं हो पाता है।

सिंचाई हेतु बोर- मोटर पम्प पर अनुदान की योजना से गैर एसटी/एससी को लाभ देना बंद कर दिया गया है। जिसे प्रारंभ किया जाए। किसानों को कृषि विभाग से अनुदान पर मिलने वाले प्रमाणीत बीज, व कस्टम हायरिंग योजना का लक्ष्य बढ़ाया जाए। कृषि यंत्रों पर लग रहें जीएसटी को समाप्त या कम किया जाए।वन क्षैत्र से लगें आबादी एवं कृषि क्षैत्र में जंगली जानवर प्रवेश न कर सके ऐसे क़दम के साथ किसानों को जंगली जानवरों से फसल बचाने फेंसिंग हेतु अनुदान दिया जाए।

इनर व्हील क्लब मंडला ने चलाया सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान

मंडला,देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के अंतर्गत इनर व्हील क्लब ऑफ मंडला द्वारा महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कैंसर महिलाओं में चैथा सबसे आम कैंसर है, लेकिन प्रभावी प्राथमिक (एचपीवी टीकाकरण) और द्वितीयक रोकथाम दृष्टिकोण से अधिकांश मामलों को रोका जा सकता है।

सामूहिक पदयात्रा के माध्यम से जागरूकता

इस अभियान के अंतर्गत क्लब द्वारा एक सामूहिक सर्वाइकल कैंसर जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ और क्लब सदस्य डॉ. नृपिका पथरिया ने पदयात्रा में भाग लिया और महिलाओं को कैंसर से बचाव व जागरूकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। क्लब के सदस्यों ने शहर में जनसंपर्क कर कैंसर जागरूकता से संबंधित प्रचार पत्र भी वितरित किए।

क्लब अध्यक्ष और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी

इस आयोजन में क्लब अध्यक्ष मोना जैन, सचिव श्रद्धा तपा, तथा अन्य सदस्यकृसरिता इसरानी, सीमा ज्योतिषी, आरती ब्रजपुरिया, रूबी तपा, अनुराधा चैरसिया, दीपा खंडेलवाल, डॉ. नृपिका पथरिया, अनीता चंद्रोल, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, त्रिवेणी पटेल, तृप्ति गोयल, गीता कल्पिवार, जया सराफ, सीमा अग्रवाल, डॉ. अंजू मरावी, कमला बानी और अनीता रायकृने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इनर व्हील क्लब, जो एक अंतर्राष्ट्रीय महिला संगठन है, का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा, दोस्ती और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इसी विचारधारा के तहत क्लब के सदस्य अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर तन, मन और धन से इस संस्था में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

2016 से निरंतर जारी है वैदिक होलिका दहन, पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल

मंडला,देशबन्धु। आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में वैदिक परिवार मंडला द्वारा 2016 से निरंतर वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक परंपराओं के समन्वय की एक मिसाल बन चुका है। इस वर्ष भी दिनांक 13 मार्च 2025 को रात्रि 10 बजे 5000 कंडों से वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार होलिका दहन किया जाएगा।

परंपरा और पर्यावरण के संगम की प्रेरणादायक पहल

परंपरागत रूप से होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग किया जाता है, जिससे वनों की कटाई और वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ती है। लेकिन वैदिक परिवार मंडला ने इस समस्या का समाधान निकालते हुए 2016 से गोबर के कंडों का उपयोग शुरू किया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी पवित्र माना जाता है।

इस पहल में शहरवासियों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रहती है। लोग

स्वेच्छा से कंडों का सहयोग करते हैं और आयोजन को सफल बनाते हैं। वैदिक परिवार मंडला की यह अनूठी सोच पूरे जिले के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि परंपराओं को निभाते हुए भी हम प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं।

इस आयोजन से यह संदेश जाता है कि सही सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर हम अपने धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण हितैषी बना सकते हैं।

मंडला में जारी यह वैदिक होलिका दहन आने वाले वर्षों में और भी व्यापक स्तर पर मनाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे इसे देशभर में अपनाया जा सके।

वैदिक परिवार मंडला द्वारा किया गया यह ऐतिहासिक प्रयास केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित भविष्य देने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। लकड़ी की जगह कंडों का उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ता है। यह पहल यह साबित करती है कि परंपराओं को निभाते हुए भी हम आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान अपना सकते हैं। पूरे देश को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए!''

वैदिक होलिका दहन का यह अनूठा प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लकड़ी की तुलना में कंडों से होलिका दहन करने से न केवल प्रदूषण कम होता है, बल्कि धार्मिक परंपराओं का भी पालन किया जाता है। यह पहल पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है।'' वैदिक परिवार मंडला द्वारा शुरू किया गया यह अभियान समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रहा है। हम सबका दायित्व है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए अपनी परंपराओं का पालन करें। 5000 कंडों से होलिका दहन करना एक ऐतिहासिक कदम है, जिसे सभी को अपनाना चाहिए।''

मंडला में वैदिक होलिका दहन की यह पहल न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है। यह देखना सुखद है कि लोग इस विचार को समर्थन दे रहे हैं और एक स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।''

रबी उपार्जन संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी रबी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण कराएं। ऑनलाईन एंट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन करवाएं। साथ ही साथ वहां उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का स्वयं निरीक्षण करें। केन्द्रवार सुपरविजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। किसानों के पंजीयन के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि पंजीयन कार्य की स्थिति निराशाजनक है इसमें प्रगति लाएं। किसानों को इसके लिए जागरूक करें। पंजीयन कार्य के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। उपार्जन के दौरान बारदाने एवं भंडारण की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए शीतल पेयजल, छाया, शौचालय आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, उपसंचालक कृषि श्रीमती मधु अली सहित संबंधित उपस्थित थे।

धुरेड़ी पर्व पर शुष्क दिवस घोषित

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा ने होली पर्व के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से 13 मार्च 2025 की रात्रि 11:30 बजे से 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार (धुरेड़ी) को सायं 5 बजे तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मण्डला जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल. 3 (क) रिसोर्टबार, एफ.एल.-7 (मिलिट्री कैन्टीन) एवं देशी मदिरा भाण्डागार बन्द रखे जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग यह सुनिश्चित करें कि उपरोक्त घोषित शुष्क दिवस के अवसर पर जिले में अवैध रूप से मदिरा के आयात, निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा एवं विक्रय इत्यादि न होने पाये।

परिवार और राष्ट्रहित में अपना सर्वस्व लुटाती है

झंझावातों को सहकर भी वह सदा मुस्कराती है

मण्डला,देशबन्धु। मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति मंडला एवं अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति का संयुक्त आयोजन हुआ।

विगत दिनों मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति एवं अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में नारीगत रचनाओं पर आधारित मासिक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार राम वल्लभ आचार्य पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, मध्य प्रदेश लेखक संघ भोपाल के मुख्य अतिथ्य, डॉक्टर शरद नारायण खरे प्राचार्य शासकीय महिला महाविद्यालय मंडला एवं सरिता अग्निहोत्री सदस्य किशोर न्याय बोर्ड मंडला के विशिष्ट आतिथ्य तथा डॉक्टर संध्या शुक्ल 'मृदुल' प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति मध्य प्रदेश सह जिला संयोजक मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति जिला मंडला की अध्यक्षता में किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात कार्यक्रम का आगाज करते हुए मुख्य अतिथि रामवल्लभ आचार्य ने कहा भाग्यवान होते हैं वे प्राणी जो नारी सुख को पाते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर

शरद नारायण खरे ने कहा नारी को हर क्षेत्र में समान अधिकार मिलना चाहिए। वे कहते हैं नारियों ने जगत को संवारा सदा नारियां मांगलिक शुभ का प्रतिमान हैं। विशिष्ट अतिथि सरिता अग्निहोत्री कहती हैं हो रहे हर पल यहां निर्भया और आरुषि कांड, सुर्खियां बन ओझल हो रहीं रोज होनहार बेटियां।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉक्टर संध्या शुक्ल 'मृदुल' ने कहा मां बहन औ बेटी बन अपना कर्तव्य निभाती है, झंझावातों को सहकर भी वह सदैव मुस्कराती है। नारी है सृष्टि की जननी तुम उसका सम्मान करो। भोपाल से ऊषा सक्सेना अपनी कविता बेटी के माध्यम से कहती हैं मैं तेरा प्रण पूर्ण करती बस तेरी ही साधना हूं। भोपाल से राजकुमारी चैकसे लिखती हैं नारी तू अबला नहीं सबला है, प्रेम के सागर में बहती अभिनव सरिता है। मंडला से नवनीता दुबे कहती हैं जगदंबा सी सूरत चंडी का अवतार है, नारी तू नारायणी तेरी महिमा अपरंपार है।

प्रीति दुबे अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहती हैं आज हम अपने अधिकारों के लिए जागरूक हुए पर अपने कर्तव्यों की चिंता कम करते हैं। हमें देश की महान नारियों से प्रेरणा लेना चाहिए। अनीता दुबे कहती हैं नारी से सुख पाता मानव नारी बिन दुख पाता है। सिवनी से रेखा नेमा कहती हैं सुनो देश की सारी नारी क्यों अपमान छुपाती हो, तुम कहलाती दुर्गा काली वह रूप न क्यों दिखलाती हो। अन्नपूर्णा पांडे 'अनुकेश' कहती हैं घर की है वह केंद्र बिंदु, धैर्यता गंभीरता की वो सिंधु। प्रोफेसर इंदु मिश्र कहती हैं शक्ति पुंज बन हमको रहना, नहीं किसी से है डरना। धार से संजय वर्मा 'दृष्टि' कहते हैं स्त्री का अधिकार न छीनो बिन स्त्री के संसार है सूना। डॉ स्वल्पा बड़गैया कहती हैं यदि हमें समाज को सशक्त बनाना है तो महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार एवं स्वतंत्रता देना आवश्यक है। अन्नपूर्णा तिवारी कहती हैं इस धरा पर वो ईश्वर का अंश है मिले सदा उसको सम्मान। मंडला से दिनेश दुबे कहते हैं उसके लिए दुनिया का नहीं कठिन है कोई काम, दिन भर उसको लगे रहना जीवन में आराम हराम।

आयुष्मान वर्मा एवं सोनाली सिंगरोली ने एनएसएस के राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में लिया भाग

मण्डला,देशबन्धु। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के स्वयंसेवक आयुष्मान ओर सोनाली ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यह शिविर मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम के अंतर्गत यह शिविर 02 से 08 मार्च तक जिला अनूपपुर के अमरकंटक नगर में संपन्न हुआ। इस शिविर में स्वयंसेवकों को सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व कौशल और डिजिटल साक्षरता जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आयुष्मान एवं सोनाली ने इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे महाविद्यालय का गौरव बढ़ा। 11 मार्च को महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को उनकी उपलब्धि की सराहना की। प्रो. अरविंद ठाकुर सर ने कहा कि इनकी सफलता से न केवल इनका आत्मविश्वास बढ़ा बल्कि महाविद्यालय का नाम भी रोशन हुआ। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी स्वयंसेवकों से इस उपलब्धि से प्रेरणा लेने और समाज सेवा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण स्वयंसेवकों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। आयुष्मान एवं सोनाली ने स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभव साझा किया।